किंग कोबरा

के. आर. शर्मा

हो सकता है कि किसी सपेरे की पिटारी में आपने नागराज को देखा हो। लेकिन जंगल में इसका दिख जाना किसी भय से कम नहीं होगा। आखिर इसीलिए तो इसे नागराज की उपाधि मिली हुई है। मैंने सपेरे की पिटारी में जिस नागराज को देखा था उसकी लंबाई करीब 11 फीट होगी (ज़रा फोटो देखिए)। बाद में जब इसके बारे में पढ़ा तो पता लगा कि अभी तक 18 फीट लंबे नागराज के पाए जाने के सबूत हैं। इसे फन उठाकर खड़े देखना एक अद्भुत दृश्य होता है। उस स्थिति में यह अपनी लंबाई के लगभग एक तिहाई के बराबर खड़ा हो जाता है।

यह नमी और घनी बरसात वाले क्षेत्रों में रहने का आदी है। हमारे देश में यह पश्चिमी घाट के नम घने जंगलों में, उड़ीसा, असम और बंगाल के सुंदरवन में नदी के मुहानों व मेंग्रोव के दलदल वाले क्षेत्रों, हिमालय के गिरिपाद आदि में पाया जाता है।

भोजन

इसके भोजन की सूची भी कम रोचक नहीं है। मूलतः मांसाहारी नागराज सांपों को खाना पसंद करता है। यह सभी तरह के सांपों, यहां तक की ज़हरीले सांप भी खा जाता है। इसीलिए संस्कृत में इसे 'भुजंग भुक' की उपाधि मिली है, जिसका मतलब है सांपों को खाने वाला। मैंने सपेरे से पता किया कि वे लोग इसकी उदरपूर्ति के लिए धामन और पानी के सांप पकड़ते फिरते हैं।

नागराज उन सांपों को नहीं खाता जिनके विषदंत बड़े होते हैं। कभी कभी यह कुछ खास तरह की छिपकलियों को भी खा जाता है। यह अपने से छोटे अजगर को भी खा जाता है। नागराज खुद एक विषैला और चपल सांप है। इसका विष नाग के विष से कम घातक होता है लेकिन जब यह डसता है तो काफी मात्रा में विष शरीर के अंदर छोड़ता है। और यह मात्रा ही इसे खतरनाक बनाती है।

अंडे देना

अंडे देने से पहले यह पत्तियों या इसी तरह की सामग्री का करीब 30 से.मी. ऊंचा घोंसला बनाते हैं। मादा अप्रैल से जुलाई के बीच इसमें अंडे देती है। अंडों से बच्चों के निकलने में करीब दो से तीन माह का समय लगता है। इस बीच मादा घोंसले की मुस्तैदी से रखवाली करती है। वैसे इसके लैंगिक संबंधों के बारे में काफी कम जानकारी है।

नागराज की उम्र करीब बारह वर्ष की होती है। वैसै यह काफी सौम्य और शांत प्रकृति का सांप है। लेकिन खेदजनक पहलू है कि इसका जीवन भी संकट में पड़ा हुआ है क्योंकि जंगलों की कटाई के कारण इसका रहवास बरबाद हुआ जा रहा है।

के. आर. शर्मा: एकलव्य के होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम से संबद्ध।

नागराज के दो और चित्र अगले पेज पर



सभी फोटोग्राफ: के. आर. शर्मा

फोटोग्राफ: किंग कोबरा की सपेरे के साथ दो मुद्राएं। किंग कोबरा के आकार के बारे में आपकी समझ को पुख्ता करने के लिए काफी होंगी।